## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आज बीजाडांडी आगमन



**मण्डला।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मण्डला लोकसभा क्षेत्र के बीजाडांडी में 5 अप्रैल को दोपहर 2 बजे आगमन होगा यहां मण्डला लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### प्रदेश सामाजिक समरसता संयोजक शैतान सिंह पाल का मंडला आगमन आज

**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सामाजिक समरसता संयोजक शैतान सिंह पाल का मण्डला लोक सभा चुनाव की तैयारियो को लेकर 5 अप्रैल को मण्डला आगमन होगा। श्री पाल मण्डला जिले के विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधियों के साथ चाय पर चर्चा कर चुनाव में सामाजिक संगठनों की भूमिका को लेकर संवाद करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश सह संयोजक विधायक श्री प्रदीप पटेल उपस्थित रहेंगे। बैठक में भाजपा के सभी मोर्चा के विधानसभा प्रभारी लोक सभा प्रभारी, सहप्रभारी, आपेक्षित हैं।

## कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान गायब रहे अध्यापक

# 17 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

* शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के मिले निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शिक्षा का नया सत्र प्रारंभ हो चुका है वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार शालाओं में प्रवेश उत्सव भी मनाया जा रहा है नये शिक्षण सत्र में शाला आने वाले विद्यार्थियों का तिलक वंदन कर स्वागत किया जा रहा है प्रयास यह किया जा रहा है कि सभी विद्यार्थी शाला में अध्ययन हेतु पहुंचे लेकिन जिन शालाओं में शिक्षक ही नहीं पहुंच रहे हों तो उन शालाओं में विद्यार्थियों के पहुंचने की क्या गारंटी। हालांकि शिक्षक शालाओं में नहीं पहुंच रहे या विलम्ब से पहुंच रहे हैं इसकी जानकारी शासन-प्रशासन को कौन देगा क्योंकि शिक्षक तो एक-दूसरे की कमियाँ गिनाने से रहे वह तो जिला कलेक्टर का अचानक कुछ शालाओं में औचक निरीक्षक किया गया और शिक्षको के साथ-साथ अन्य स्कूल स्टाफ भी नदारत पाया गया लिहाजा इन सभी कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी कर उनसे जबाव मांगा गया।



### अध्यापक के साथ-साथ भृत्य भी गायब



कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना के निरीक्षण के दौरान विभिन्न शालाओं में अनुपस्थित पाए गए 13 शिक्षकों, 1 स्कूल मदर तथा 3 भृत्यों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार 4 अप्रैल को निरीक्षण के दौरान हवेली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी बंजर के 12 अध्यापक एवं 3 भृत्य तथा प्राथमिक शाला शीतला वार्ड के निरीक्षण के दौरान 1 अध्यापक एवं 1 स्कूल मदर अनुपस्थित पाए गए थे जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिन अध्यापकों को नोटिस जारी किया गया है उनमें हवेली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भारती गरेवाल, नम्रता दुबे, एआर पटेल, किरन चंद्रौल, पीके सिंगौर, सीमा साहू, विनीता पटेल, सुदेश पटेल, डीएस मरावी, संतोष कछवाहा, राजकुमारी श्रीवास्तव, के. चंद्रौल तथा भृत्य नवीन चौरसिया, दीपक निलजीवार एवं पंचम लाल झारिया तथा शासकीय प्राथमिक शाला शीतला वार्ड बम्हनी बंजर के अध्यापक वरूणा पटेल एवं स्कूल मदर उमा मर्सकोले सम्मिलित हैं।

### कलेक्टर ने किया बम्हनी, सिलगी एवं पेटेगांव स्कूल का निरीक्षण

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने गुरूवार को हवेली उमावि बम्हनी बंजर, प्राथमिक शाला शीतला वार्ड, माध्यमिक शाला सिलगी तथा प्राथमिक शाला पेटेगांव का आकस्मिक निरीक्षण करते हुये शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिक्षक समय पर स्कूल आकर विधिवत अध्यापन कार्य करें। विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिये व्यक्तिगत प्रयास करें। कलेक्टर ने शाला भवन एवं परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन में मीनू एवं गुणवत्ता का ध्यान रखें।

हवेली उमावि विद्यालय के निरीक्षण के दौरान एक भी विद्यार्थी उपस्थित नहीं पाये जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने हवेली उमावि बम्हनी बंजर तथा प्राथमिक शाला शीतला वार्ड में निरीक्षण के दौरान अनुपस्थिति पाये गये शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सीएमओ बम्हनी बंजर मीनल पटेल सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## हाँथों में मेंहदी रचाकर दिया मतदान करने का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान की तिथियां जैसे जैसे निकट आती जा रही हैं वैसे वैसे मतदाता जागरूकता की गतिविधियां जोर पकड़ती जा रही हैं। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार मंडला संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम जामगांव नैनपुर में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मातृ-शक्तियों द्वारा अपने हाँथों में शत प्रतिशत मतदान करने की मेंहदी लगाकर अन्य मतदाताओं को 19 अप्रैल मतदान दिवस पर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इसके साथ ही ग्राम से बाहर के मतदाताओं से भी सतत रूप से संपर्क किया जा रहा है एवं उनसे मतदान दिवस के दिन मतदान करने की अपील की जा रही है।

### चना, मसूर, राई, सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीदी 31 मई तक

**मण्डला।** प्र.उपसंचालक किसान कल्याण से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा विपणन वर्ष 2024-25 की उपज चना, मसूर, राई, सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीदी 31 मई 2024 तक की जाएगी। भारत सरकार द्वारा औसत अच्छी गुणवत्ता (एफएक्यू) के चना, मसूर, राई, सरसों को समर्थन मूल्य क्रमशः 5440 प्रति क्विंटल, 6425 प्रति क्विंटल तथा 5650 प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। जिले में उपार्जन हेतु 3 उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है जिसमें बहुदेशीय प्राथमिक साखा सहकारी समिति मण्डला उपार्जन स्थल एसडब्ल्यूसी 1245 गोदाम सुभाष वार्ड मण्डला, विपणन सहकारी समिति बिछिया, उपार्जन स्थल एमपीडब्ल्यूएलसी न. 1 गोदाम भुआ बिछिया, विपणन सहकारी समिति नैनपुर उपार्जन स्थल एमपीडब्ल्यूएलसी न. 1 गोदाम नैनपुर शामिल है। उपज विक्रय हेतु एसएमएस प्राप्त होने का इंतजार करने की आवश्यकता को समाप्त करते हुए कृषक स्वयं उपार्जन केन्द्र एवं उपार्जन दिनांक स्लॉट बुकिंग के माध्यम से कर सकेंगे। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत, सत्यापित कृषक द्वारा स्वयं के मोबाईल, एम.पी. ऑनलाईन, सी.एस.सी., ग्राम पंचायत, लोकसेवा केंद्र, इन्टरनेट कैफे, उपार्जन केन्द्र से स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी।

# कलेक्टर ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने मंडला विकासखंड के हवेली उमावि बम्हनी बंजर, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी बंजर, प्राथमिक शाला शीतला वार्ड, एकीकृत माध्यमिक शाला सिलगी तथा प्राथमिक शाला पेटेगांव के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मतदान केन्द्रों में बिजली, पंखा, पानी, रैम्प, फर्नीचर सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करें। प्रत्येक मतदान केन्द्रों में यथासंभव कूलर की व्यवस्था करें। मतदान केन्द्र की सभी तैयारियाँ जल्द पूरी करें। मतदान केन्द्र में मतदान से संबंधित जानकारियां अंकित कराएं। कलेक्टर ने मतदान दल के रूकने की व्यवस्थाओं के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत मण्डला रमेश मण्डावी, सीएमओ बम्हनी बंजर मीनल पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रयास करें

भ्रमण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने उपस्थित बीएलओ से मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं तथा मतदाताओं की संख्या आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदाताओं को मतदान की तिथि, दिनांक तथा मतदान केन्द्र से अवगत कराएं। प्रत्येक मतदाताओं से संपर्क करते हुए उन्हें 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का प्रयास करें।

## 4 वर्ष से फरार वारंटी को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

पुलिस अधीक्षक मण्डला द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए स्थाई वारंटी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष धडपकड़ अभियान में थाना टिकरिया के अपराध क्रमांक 91/20 धारा 294, 323, 506 ताहि एवं जेएमएफसी श्रीमती अंजलि सिंह न्यायालय निवास जिला मण्डला के न्यायालय से उक्त मामले के प्रकरण क्रमांक 259/20 में गणपत पुत्र पति लाल मरकाम 40 साल निवासी तरवानी नारायणगंज थाना निवास मण्डला को दिनांक 04/04/24 को मैली चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया आरोपी पिछले 4 वर्ष से उक्त प्रकरण में फरार चल रहा था



उक्त गिरफ्तारी में थाना प्रभारी टिकरिया निरी. शिवराम जमरा, उ.नि. शशांक शुक्ला, प्र.आर. 254 शिवकुमार मरावी, प्र.आर. 264 सालिकराम, आर. 599 रंजीत मरठे, आर. 638 दीपक द्विवेदी के द्वारा सराहनीय कार्यवाही की गई।

## कार्यवाही | कलेक्टर ने कराया जिले से बाहर संलग्न शिक्षकों को जिले में वापस।

# संभागीय उपायुक्त ने जबलपुर में किया था संलग्न

* जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने दिखाई गंभीरता।

भूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले के कुछ शिक्षकों को संभागीय उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग जबलपुर द्वारा जबलपुर संलग्न किया गया था, जिस मुद्दे को दैनिक हरिभूमि, जबलपुर के द्वारा प्रमुखता से उठाया गया और जिला प्रशासन के संज्ञान मे लाया गया, जिसे जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं स्थायी शिक्षक समिति के अध्यक्ष इंजी. कमलेश तेकाम द्वारा जिले में शिक्षकों की कमी की और इसके बाद जिले के शिक्षकों को जबलपुर में संलग्न किये जाने की बात में नाराजगी जताई और तुरंत जिला कलेक्टर और सहायक आयुक्त को पत्र लिखकर संलग्न शिक्षकों को मण्डला वापस लाये जाने की बात कही गई, जिस पर कलेक्टर ने तुरंत निर्णय लेकर सहायक आयुक्त को निर्देश दिये। उक्त आदेश का पालन करते हुए सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संभागीय उपायुक्त जनजातीय तथा अनु०जाति विकास जबलपुर संभाग जबलपुर को पत्र क्र./सहा.





आयु/शिक्षा स्था./2023-24/10826 मण्डला दिनांक 01/03/2024 को लिखा गया, जिसमें उल्लेख है कि कलेक्टर द्वारा जनजातीय कार्य विभाग मण्डला के अंतर्गत पदस्थ कर्मचारी जिनको जिला जबलपुर में संलग्न किया गया है ऐंसे कर्मचारियों का संलग्नीकरण समाप्त करते हुए मूल पदस्थ संस्था की ओर कार्यमुक्त करने हेतु आदेशित करने के निर्देश किये गये हैं। संबंधित कर्मचारियों को कार्यमुक्त करते हुए कलेक्टर मण्डला को प्रतिवेदन भेजा जाये।

संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास, जबलपुर संभाग द्वारा अंत में दिनांक 01 अप्रैल 2024 को आदेश जारी कर जबलपुर में संलग्न पांच शिक्षकों को उनकी मूल शाला को वापस करना पड़ा।

जहां आदिवासी बाहुल्य जिला मण्डला में वैसे ही स्वीकृत शिक्षकों के पदों के अनुपात में शिक्षकों की कमी बनी हुई है, जिस पर क्या संभागीय उपायुक्त द्वारा कुछ शिक्षकों को जबलपुर मे संलग्न किया जाना उचित था ? जब यह मामला मीडिया द्वारा गंभीरता से मामला उठाया जिसको संज्ञान मे लेकर जिला कलेक्टर ने तुरंत कार्यवाही कर शिक्षकों की वापसी करायी गई। जिससे जिले में कलेक्टर और जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम की सराहनीय पहल की चर्चा हो रही है। वहीं संबंधित शिक्षकों के स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों एवं अभिभावकों के द्वारा जिला प्रशासन को इस बात को लेकर धन्यवाद प्रेषित किया गया। अगर इसी तरह जिले की संवेदनशील कलेक्टर के द्वारा शिक्षा विभाग में हो रही लापरवाहियों पर निरंतर कार्यवाही की जाती रहेगी तो निश्चित ही जिले के शासकीय स्कूलों में हो रही बेपटरी शिक्षा व्यवस्था पटरी में आ सकती है। हालांकि सूत्र बताते हैं कि अभी भी जिले के कुछ शिक्षक हैं जो जबलपुर में संलग्न हैं और इनकी जानकारी छिपाई जा रही है।



जिले से बाहर संलग्न शिक्षकों होगी वापसी-कमलेश तेकाम

* सहायक आयुक्त ने संभागीय उपायुक्त को लिखा पत्र।


## दिव्यांगों ने मतदाताओं को जागरूक करने बनाई मानव श्रृंखला



**मण्डला।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत दर्ज कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता गतिविधियों के क्रम मे जस्टिस तन्खा मेमोरियल स्कूल रोटरी फार स्पेशल चिल्ड्रन बड़ी खैरी मण्डला द्वारा स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर एवं रंगोली डालकर सभी बच्चों ने अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है।

## लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी ओमकार सिंह मरकाम 5 को बिछिया एवं 6 को निवास विधानसभा का दौरा करेंगे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश तिवारी के साथ लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी ओमकार सिंह मरकाम, विधायक नारायण सिंह पट्टा, विधायक चैन सिंह वकरड़े 5 तारीख को बिछिया विधानसभा के अंजनिया में प्रातः 10:00 बजे, बिछिया में दोपहर 12:00, घुघरी में दोपहर 02:00 बजे, घुटास में शाम 04:00 बजे एवं मवई में शाम 06:00 बजे कार्यकर्ता रेली, नुक्कड़ सभा, बैठक एवं जन सम्पर्क करेंगे। इसी तरह 6 तारीख को निवास विधानसभा के बकोरी में प्रातः 10:00 बजे, बबलिया में दोपहर 12:30 बजे, पिपरिया में दोपहर 01:30 बजे, निवासी में दोपहर 02:30 बजे, मनेरी में शाम 04:00 बजे, पोंड़ी नगरार में शाम 05:30 बजे, बीजाडांडी में 06:30 बजे, नारायणगंज में रात्रि 08:00 बजे कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे एवं सभा को संबोधित करेंगे ।

## खबर संक्षेप

### कम्प्यूटीकृत बैंकों में हो रहा कछुआ गति से काम

**गाडरवारा।** कम्प्यूटर युग के बावजूद भी बैंको मे राशि जमा करने व निकालने के लिये अगर एक दो घण्टे का समय लगे और लंबी लंबी कतारें खत्म न हो तो हमे 21 वीं सदी मे आधुनिकता की चादर ओढ़ने का गर्व नही करना चाहिए, नगर मे स्थित राष्टीयकृत बैंकों मे जिन ग्राहकों को पैसा जमा करने, ड्राप्ट बनवानें या फिर शासकीय राशि जमा करने पहुंचते है तो उन्हे लंबी लाइन मे खड़े होकर अपना नंबर आने का इंतजार करना पड़ता है। बैंको मे नोट गिनने की मशीन होने के बावजूद भी अन्य लिखा पढ़ी मे काफी विलंब होता है, जिससे ग्राहकों मे बैको की कार्यप्रणाली से परेशानी बढ़ी है, नगर में स्थित राष्ट्रीयकृत बैंकों मे शासकीय राशि, चलान आदि पटाने मे लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ती है, एक काम के लिये ही यहां पूरा दिन बर्बाद हो जाता है, जिससे लोगों के कामधाम पिछड़ते है, इतना ही नही इस बैंक मे कार्यरत कर्मियों के परिचतों के कार्य पहले निपटानें का भी चलन तेजी लिये हुए है। संबंधित बैंक अधिकाारियों को चाहिए कि उपभोक्ताओं के काम आसानी से और कम समय पर निपटे ऐसी व्यवस्था बैंक मे बनाये, किंतु अधिकारी है कि कुर्सी पर चिपके रहते है और उनके द्वारा बैंकों मे काम किस गति से हो रहा है व उपभोक्ताओं की क्या परेशानी हो रही है शायद इससे उन्हें कोई सरोकार नही है,

### ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी पेंशन को मोहताज हैं अनेक अशिक्षित विधवाएं

**सांईखेड़ा।** शासन ने वृद्धो, विकलांगो, असहाय विधवाओं को मासिक पेंशन देने की योजना जरूर शुरू की है, लेकिन हकीकत है कि मासिक पेंशन राशि पाने के लिए क्षेत्र की अनेक अशिक्षित विधवाओं व वृद्धो को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि गांवो में पंचायत सचिवों के गोरख धंधें के कारण भर बुढ़ापे में वृद्ध, अपना सुहाग गवॉ चुकी महिलाएँ वंचित रहती है, उन्हे न तो समय पर पेंशन राशि मिलने की जानकारी दी जाती है और न ही कम पढ़े होने से बैंको से वे आसानी से पेंशन राशि ले पाते है। क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायत के सचिवो पर आरोप यह भी है कि वे वृद्धो विधवाओं को पेंशन के भुगतान में गड़बड़ झाला भी कर देते है और कथित तौर पर वृद्धजनों की एकाध माह की पेंशन राशि भी गोल कर देते है? यही नही ग्राम पंचायतों में वृद्धों की पेंशन स्वीकृत कराने में भी विलम्ब का खेल चलता है, जिसके चलते चलने फिरनें से असमर्थ वृद्धों, निराश्रित विधवाओं कों जनसुनवाई में अधिकारियों की शरण में जाना पड़ता है, विधवा पेंशन लेने वाली महिलाओं की माने तो पहले निर्धारित समय पर उनकी पेंशन का पैसा मनी आर्डर से आता था, जिससे बहुत सुविधा रहती थी, अब पेंशन लेने बैंको में जाना पड़ता है जहां अशिक्षित होने की वजह से उन्हे मुसीबत होती है और बैंको के कर्मचारी भी उनकी उपेक्षा करते है। गौरतलब है कि यही हाल शहर के पेशन प्राप्त करने वाले कम शिक्षित वृद्धो के भी है, जिन्हे किसी पढ़े लिखे नौजवान का सहारा लिए मासिक पेंशन की राशि नही मिल पाती।

### पढ़ लिखकर रोजगार के अभाव में युवा अपने आपकों परिजनों के प्रति महसूस कर रहे बोझ..?

**खुलरी।** नौजवानो में कुछ नया करने का जज्बा और समाज में बदलाव लाने की ताकत होती है,किन्तु जब उन्हे सम्मान,कोई काम नही मिलता है तो उम्मीदों से भरी उनकी ऑखो की चमक गायब होने लगती है और उनकी सक्रियता खत्म होने से वे परिवार पर बोझ बनने के साथ ही कुंठित होने लगते है। बदनसीबी की बात है कि शहर व क्षेत्र के गांवो में इन दिनों महँगाई के अलावा युवाओं की बेरोजगारी की समस्या आमलोंगो को परेशान कर रही है। बताया गया है कि क्षेत्र में कालेजों से डिग्रियॉ लेने वाले हजारों युवा लम्बे अरसे से बेरोजगारी का दंश झेल रहे है, हालत यह है कि जिला रोजगार कार्यालय में वर्षो से पंजीयन कराने के बाद भी उन्हे ऐसी छोटी नौकरी भी नही मिल पा रही है,जिसके सहारे वे अपने घरो में खुशिया बिखरा सके , शहर के हालात पर यदि नजर डाली जाए तो यह सच्चाई उभरकर सामने आने लगी है।

# स्कूल में पढ़ाई कम और मतदाता जागरूकता में शासन द्वारा मासूमों का किया जा रहा उपयोग

अप्रैल माह में चिलचिलाती धूप के बीच शुरू हुये नये शिक्षा सत्र के चलते परेशानियों से जूझते हुये नजर आ रहे है देश का भविष्य सॅवारने वाले मासूम,







**गाडरवारा।**

प्रतिवर्ष देखा जाता है कि सही मायने में नये शिक्षा सत्र की शुरूआत 1 जुलाई से होती है। यह बात अलग है कि शासन द्वारा कुछ फेर बदल करते हुये इसकी शुरूआत भले ही इस साल 1 अप्रैल से कर दी गई है। मगर इसके बाद भी लोगों के दिलों में एक जुलाई घर करके बैठा हुआ है जिसके चलते आज न्याय के देवता भगवान शनि महाराज के प्रिय माने जाने वाले दिन शनिवार से होने जा रही है। इस तरह शासन के आदेश पर 1 अप्रैल सोमवार से शुरू हुये नये शिक्षा सत्र के चलते इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के बीच जहां बच्चो को स्कूल आने जाने में परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर भीषण गर्मी के बीच शुरू हुये इस नये शिक्षा सत्र को लेकर अभिभावकों में भी अपने बच्चों को लेकर चिंता सता रही है? क्योंकि अप्रैल माह के शुरूआत में ही जिस तरह सूरज देव आग उगलते हुय नजर आने के कारण चिलचिलाती धूम में बच्चों को स्कूल आने जाने में परेशान होना पड़ रहा है तो दूसरी ओर गौर किया जावे तो शिक्षण संस्थाओं में भी पढ़ाई के नाम पर मात्र औपचारिकता निभाते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि 10 बजे से ही सूरज की तपन के बीच जब क्लासों में बच्चे बैठते है तो पंखों से निकलने वाली गर्म हवा से वह बेहाल होने से नही चूक पाते है। वही अनेक स्कूलों की स्थिति इस तरह बनी हुई है कि एक छोटे से कमरे में संचालित होने वाली क्लासों में जरूरत से ज्यादा बच्चें होने के कारण उन्हें हवा नही मिलने के कारण बच्चें पसीना पसीना होकर बेहाल होने से नही बच पा रहे है। इसी प्रकार का हाल दोपहर के समय जब स्कूलों से इन बच्चों की छुट्टी होती है तो तेज तपन के बीच बच्चों को घर पहुंचना मुश्किलों से खाली नही है। क्योंकि तेज धूप के बीच स्कूल से अपने घर आने में मासूमों के अभिभावकों को इस बात का डर सताने से नही चूक रहा है कि कही उनका बच्चों लू का शिकार न हो जावे? वैसे भी देखा जावे तो इस वर्ष अप्रैल माह में जहां लोगसभा चुनाव संपन्न होना है जिसके चलते 26 अप्रैल की तारीख निर्धारित हो चुकी है। वैसे भी संपूर्ण मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव चार तरणों में संपन्न होने जा रहे है जिसके चलते अप्रैल माह में अलग अलग तारीखों पर निर्धारित होने के बीच मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा नये सत्र की शुरूआत अप्रैल माह से करना आमजन के गले उतरने की जगह इस बात की ओर संकेत देते हुये जान पड़ रही है कि कही ऐसा तो नही कि शासन प्रशासन द्वारा इस वर्ष अप्रैल माह में शिक्षा सत्र इसलिये शुरू किया गया है जिसके चलते चुनाव के लिये मतदाता जागरूकता अभियान में इन बच्चों का उपयोग किया जा सके...? खैर सच्चाई जो भी हो मगर देखा जा रहा है कि नये शिक्षा सत्र को शुरू हुये पांच दिन का समय बीत चुका है और स्कूलों में पढ़ाई होते हुये दिखाई नही पड़ रही है। यह बात जरूर है कि इस समय प्रशासन द्वारा मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी के लिये चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर आयोजित की जाने वाली रैलियों में जरूर इन स्कूली बच्चों को भाग लेते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर इस बीते हुये एक अप्रैल से शुरू हुये निजी व शासकीय शिक्षण संस्थाओं में नये सत्र के दौरान पुस्तकों सहित अन्य स्कूली सामग्री की दुकानों पर भीड़ उमड़ने की शुरूआत हो चुकी है। यह बात सर्व विदित है कि इस माह लोकसभा चुनाव संपन्न होने के चलते नये सत्र में स्कूलों में पढ़ाई तो होने से रही। क्योंकि शासकीय शिक्षण संस्थाओं के शिक्षकों की डियूटी चुनावी प्रक्रिया में होने के कारण जहां वह पढ़ाई की जगह निर्वाचन आयोग के आदेश पर संपन्न होने वाले चुनावी प्रशिक्षणों में शामिल होते हुये देखे जावेगे, तो फिर स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई कौन करायेगा..? वही दूसरी ओर निजी शिक्षण संस्थाओं में गर्मी के चलते बच्चों को पढ़ाई होने की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। यह बात जरूर है कि निजी शिक्षण संस्थाओं द्वारा एक माह स्कूल संचालित किये जाने के नाम पर छात्र छात्राओं से फीस बसूल करने में कोई कसर नही छोडेगे। इस तरह शिक्षा विभाग द्वारा अप्रैल माह में नया शिक्षा सत्र शुरू करने के निर्णय को लेकर अभिभावकों में जहां आक्रोश देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नये शिक्षा सत्र की शुरूआत होने के चलते अभिभावकों को आर्थित बोझ का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि उनके बच्चें स्कूल शुरू होने की बात को लेकर अपने माता पिता पर पुस्तके सहित अन्य सामग्री खरीदने का दवाव बनाये जाने के कारण पुस्तकों की दुकानों पर भीड़ लगते हुये दिखाई देना शुरू हो चुकी है। क्योंकि नया शिक्षा सत्र शुरू होने से शाला में पढ़ने जाने वाला कोई मासूम बच्चा अपने पापा से शाला की ड्रेस, रंगीन छाता, किताबे, कापियां, टिफिन बाक्स, कम्पास दिलाने की हठ करते हुये देखे जा रहे है तो कोई मासूम बच्चा अपनी मॉ से फरमाईश कर रहा था कि स्कूल जाने के पहले उसके टिफिन बाक्स में रोज बदलकर खाने की नई चीजें रखी जाएँ। इस प्रकार से घरो में आलम यह देखने मिल रहा है कि बच्चों के बेहतर भविष्य के खातिर भीषण महँगाई से जंग लड़ रहे अभिभावक बच्चो की हर फर माईश पूरी करने की व्यवस्थाओं में जुटे हुये नजर आने से नही चूक रहे है। इस तरह नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत होने के चलते पुस्तक विक्रेताओं की दुकानो पर अभिभावको की भीड़ बढ़नें लगी है और नयी शालेय सामग्री बच्चों को अपनी ओर आकर्षित करने लगी है। वही पुस्तक विक्रेताओं का कहना है कि इस वर्ष किताबे, कापियों तथा बच्चो के उपयोगी अन्य सामान की कीमतो में खास ईजाफा नही हुआ है तथा उनकी ओर से यह कोशिश की जा रही है कि बच्चो को एक ही बार में कोर्स की सारी किताबे उपलब्ध करायी जाएँ। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि शालाओं में नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के बावजूद शिक्षा व्यवस्था सम्बंधी अनेक कमियॉ रह गयी है? क्योंकि नगर की चमकती, दमकती अशासकीय शालाओं में फीस वृद्धि, डोनेशन वसूली का खेल जारी है। वही दूसरी ओर स्कूल चले हम अभियान की आशा जनक सफलता न होने की वजह से गरीब परिवारो के बहुत से बच्चे शिक्षा हासिल करने से वंचित रहते हुए जान पड़ रहे है? यह बात अलग है कि सरकार द्वारा शुरू किये गये स्कूल चले हम अभियान को स्थानीय अधिकारियों की हड धर्मिता व उदासीनता के चलते अमली जामा सही रूप से नही पहनाया जा सका है? शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के उद्वेश्य से अनेक प्रकार के अभियान चलाते हुए बच्चों को शिक्षा की ओर रूख करने के लिए प्रयास किये गये है। मगर जब अनेक बच्चों को स्कूली पुस्तकों की जगह जहां तहां कबाड़ बीनते हुए देखा जाता है तो शासन द्वारा चलाई जाने वाली सभी योजनाओं पर प्रश्न चिन्ह लग जाता है? क्योंकि आज भी अनेक बच्चें इस प्रकार से मिल सकते है जिन्हें शायद पता ही नही होगा कि नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है जिसके चलते सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस स्थिति में आखिर में किस प्रकार से सफल हुआ स्कूल चले हम अभियान...? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो स्कूली बच्चों के हित में यातायात व्यवस्था को सुधारने में प्रशासन नाकाम दिखाई दे रही है? इसके अलावा नगर की शासकीय प्राथमिक शालाओ की दुर्दशा पर भी ध्यान नहीं दिया गया है, जिसके चलते अनेक शासकीय शालाएं जहां खंडहर में तब्दील होते हुए नजर आ रही है, जिनमें सांप गुहरे आराम फरमा रहे है तो कुछ शालाओं में रात के समय होने वाली शराब खोरी के चलते शराब की बोतले पड़ी हुई है? इतना ही नही अनेक स्कूल आज भी अतिक्रमण में चपेट में देखे जा रहे है। जबकि गौर करने वाली बात तो यह है कि स्कूल चले हम अभियान के दौरान जब कार्य शालाओं का आयोजन किया गया था तो अधिकारियों द्वारा शासकीय शालाओं के पास से शिक्षा सत्र शुरू होने के पूर्व अतिक्रमण हटाने की बात कही गई थी। मगर वह बात मात्र बैठक तक ही सीमित नजर आई...? वही नये शिक्षा सत्र को लेकर अभिभावको की माने तो नगर की अनेक शासकीय शिक्षण संस्थओं में जरूरी विषय नही होने से बच्चे मायूस होते हुये देखे जा रहे है जिसकमे चलते यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासन द्वारा शिक्षा देने की दिशा में कारगर पहल नही की गयी है जिसके चलते जहां नगर के बच्चों को अनेक विषय से बंचित होते हुए देखा जा रहा है? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो नगर की अनेक शासकीय व निजी शालाओं में लायब्रेरी और मूलभूत सुविधाओं से छात्र, छात्राओं को महरूम होना पड़ रहा है? इस तरह बीते हुये 1 अप्रैल से नए शिक्षा सत्र के आगाज होने पर अभिभावको ने मॉग की है

कि शहर की शासकीय शालाओं में पर्याप्त शिक्षक रखे जाएँ, जो शिक्षक अकर्मण्य और नशा करने के आदी है उन्हे हटाया जाए, शालाओं के आस पास के अतिक्रमण हटाये जाए, स्कूलो के खेल कूद के मैदानो को व्यवास्थित स्वरूप दिया जाए, महापुरूषो की जयंती कार्यक्रम तथा बच्चो को संस्कारित करने वाले विविध आयोजन करने हर स्कूल प्रचार्य को निर्देशित किया जाए तथा प्रदेश सरकार की हर बच्चे को शिक्षित करने की मंशा को पूर्ण किया जाए, अभिभावको ने शासन प्रशासन से शासन प्रशासन ने नगर की शासकीय शालाओं के कायाकल्प कराने की भी गुहार लगायी है, साथ ही साथ पुलिस प्रशासन से अपेक्षा जताई गई है कि जिस प्रकार से नगर में स्कूलों के समय यानि की दोपहर 10 बजे से 12 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 6 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा हुआ है उसका सख्ती के साथ पालन किया जावे। क्योंकि इस समय नगर का वायपास मार्ग शुगम नही होने से दिन भर भारी भरकम वाहनों की धूम मची हुई देखी जा रही है

## रमजान में रोजा रखकर की जा रही इबादत, शबे कद्र की तैयारियां तो दूसरी ओर सज गई पकवानों की दुकानें

**गाडरवारा।** मुस्लिम समुदाय के लोग पवित्र माहे रमजान महत्वपूर्ण माना जाता है। इस रमजान माह के चलते देखा जा रहा है कि नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में मुस्लिमजनों द्वारा रमजान के रोजे रखकर इबादत में मशगूल देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर मस्जिदों में शाम को मगरिब की अजान के वक्त सामूहिक रोजा इफ्तार का नजारा देखने काबिल होता है प्रतिदिन सभी लोग एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार करते हैं । वही मस्जिदों के अलावा कई स्थानों पर रोजा इफ्तार का आयोजन चल रहा है । नगर के नए बस स्टैंड के पास बावली दरगाह शरीफ परिसर में मुस्लिम समुदाय के युवाओं द्वारा



लगातार तीन दिन तक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया । वही रमजान में 26 वे रोजे शबे कद्र का बहुत ही महत्व है माहे रमजान में ही मुस्लिम समुदाय का पवित्र ग्रंथ कुरान पाक नाजिल हुआ है सभी मस्जिदों में शबे कद्र की जोर-जोर से तैयारी की जा रही है तो मस्जिदों को विद्युत साज सज्जा से रोशन किया जा रहा है। शबे कद्र पर मस्जिदों में बाद नमाज ईशा तरबीह पढ़ाने वाले हाफिजो एवं मस्जिदों के इमामो का इस्तकबाल किया जाएगा। बताया जाता है कि रमजान माह में शबे कद्र पर पूरी रात इबादत की जाती है मस्जिदों एवं घरों में इबादत का सिलसिला जारी रहेगा। रमजान का तीसरा असरा चल रहा है और ईद की तैयारियो के चलते नगर में पकवानों की दुकाने भी सज रही है। क्योंकि ईद के मौक पर मीठी सेवइयां एवं फैनी के अलावा कई प्रकार के खजूर एवं बेकरी के सामानों की खरीदारी मुस्लिम जनों द्वारा जमकर की जा रही है । नगर में पकवानों की लगी हुई दुकानों पर जहां भीड़ का आलम देखने मिल रहा है। रमजान के महीने में जुम्मे का अलग ही महत्व बताया गया है। इसी के चलते आज जुम्मे की नमाज में मस्जिदों में भारी तादाद में लोग नमाज पढ़ने इबादत करने पहुंचेंगे । वही मुस्लिम समाज ने नगर पालिका परिषद से ईदगाह, कब्रिस्तान सहित सभी मस्जिदों के पास समुचित साफ सफाई एवं उन रास्तों के विद्युत पोलो पर हैलोजन लाइट लगाने की अपेक्षा जताई गई है। इसी तरह का हाल समीपस्थ सालीचौका, सांईखेड़ा, बनवारी, पलोहा, खुलरी, कल्याणपुर, चीचली में भी देखने मिल रहा है जहां पर मुस्लिम जनों द्वारा रोजे रखते हुये इबादत में लीन नजर आने के साथ साथ ईद की तैयारियों में जुटे हुये देखे जा रहे है।

## कर्मा जयंती पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम आज

**गाडरवारा।** स्थानीय साहू समाज परिषद व मां कर्मा महिला मंडल साहू समाज द्वारा प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी साहू समाज की आराध्य देवी श्री कृष्ण भक्त शिरोमणि मां कर्मा जी की जयंती समारोह पर आज 5 अप्रैल दिन शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जावेगे। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे कलश स्थापना, शाम 6.30 बजे माँ कर्मा जी का पूजन व आरती तथा हवन, दोपहर 3 बजे महिला मंडल श्री देव गणेश मंदिर द्वारा भजन का कार्यक्रम तथा शाम 7 बजे से 10.30 बजे रात तक माँ कर्माजी का प्रसादी वितरण व भंडारे का आयोजन के साथ ही साथ नगर के श्री देव गणेश मंदिर साहू समाज द्वारा बीजासेन वार्ड में रासलीला सॉबारिया ग्रुप द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जावेगी। बताया जाता है कि बडे ही सौभाग्य के साथ इस वर्ष माँ कर्माजी की जयंती पाप मोचनी एकादशी व माँ संतोषी माता के प्रिय दिवस शुरूवार के दिन पड़ने से त्रिवेणी महायोग बन रहा है। इस तरह पाप मोचनी एकादशी तिथि पर दीपदान का विशेष महत्व बताया जाता है। इस तरह महिलाओं द्वारा जहां आटे से निर्मित दीपकों में दीपदान किया जावेगा। वही दूसरी ओर साहू समाज द्वारा माँ कर्माजी की जयंती बडे ही धूमधाम के साथ मनाये जाने की तैयारिया की गई है।



## महाविद्यालय के पास मुख्य मार्ग के दोनों ओर खड़े हो रहे भारी भरकम ट्रकों से यातायात हो रहा प्रभावित, आमजन की जिन्दगी को पैदा हो रहा खतरा..?





**गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि जब कोई बड़ी घटना जन्म ले लेती है तो उस घटना को लेकर अधिकारियों से लेकर नेताओं द्वारा भी मौके पर पहुंचकर दुख प्रकट करने से नही चूकते है तथा घटना के कारणों की जांच का आदेश देते हुये दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के लिये बड़े बडे बादे करना शुरू कर देते है? मगर समय रहते हुये इस तरह की घटनाओं को रोकने के प्रयास शायद ही किसी के द्वारा करते हुये देखा गया हो.. कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के वायपास मार्ग यानि की शांतिदूत तिरहा से लेकर रिलाइंस पेट्रोल पंप वाले मार्ग पर दिखाई देने से नही चूक रही है? क्योंकि यह मार्ग जहां राष्ट्रीय स्तर का होने के कारण यहां से दिन भर लम्बी दूरी के बड़े बड़े वाहनों का निकलना तो लगा ही रहता है तो दूसरी ओर क्षेत्र के किसानों द्वारा भी अपना अनाज लेकर ट्रेक्टर ट्राली लेकर इसी मार्ग से निकलते है। इतना ही नही इसी मार्ग पर यानि की राष्ट्रीय स्तर के मार्ग के ठीक किनारे पर नगर का महाविद्यालय सहित अन्य प्रकार के शासकीय भवन होने के कारण महाविद्यालय के छात्र छात्राओं सहित प्रतिदिन हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है। मगर इस मार्ग पर बीते हुये कुछ दिनों से मुख्य सड़क के दोनों ओर भारी भरकम ट्रकों की दिन रात जिस तरह लाईन लगी हुई देखी जा रही है उसके चलते इस मार्ग की यातायात व्यवस्था तो प्रभावित होते देखी ही जा रही है साथ ही साथ किसी बड़ी घटना को आमंत्रण देते हुये भी जान पड़ रहा है? मगर हैरत की बात यह है कि यहां से जहां प्रतिदिन तहसील स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों का निकलना हो रहा है तो दूसरी ओर क्षेत्र के जिम्मेदार नेता भी दिन में एक न एक बार यहां से जरूर निकलते हुये देखे जाते है। मगर इसके बाद भी किसी के भी द्वारा इस तरह सड़क के दोनों ओर लम्बी लाईन में खड़े होने वाले इन ट्रकों को लेकर कोई आवाज उठाना तक उचित नही समझा जा रहा है। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह मार्ग वैसे भी अति संबेदनशील माना जाता है क्योंकि यहां पर आये दिन घटनाये घटित होना आम बात बन चुकी है जहां पर पूर्व में घटित हुई सड़क दुर्घटनाओं के चलते दर्जनों लोगों ने अपनी जिन्दगी गवा चुके है मगर इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस सच्चाई को देखते हुये जिस तरह चुप्पी साधी जा रही है उससे यह जान पड़ रहा है कि शायद अधिकारी है कोई बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हो? बताया जाता है कि शांतिदूत तिरहा से लेकर शक्कर नदी पुल तक का यह मार्ग तिरछा होने के कारण जब यहां से वाहन निकलते है तो दूसरी ओर से आने वाले वाहन चालक को दिखाई ही नही देता है तो दूसरी ओर ठीक महा विद्यालय के समीप इस मार्ग पर घाट होने की स्थिति में यहां से गुजरने वाले वाहनों की गति अपने आप ही तेज हो जाती है जिसके चलते यदि कोई व्यक्ति अचानक मुख्य मार्ग पर आ जाता है।

## क्षेत्र की सड़कों पर किसी वाहन का नम्बर तो किसी वाहन के चैंचिस पर दौड़ रहे वाहन

**गाडरवारा।** भले ही पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के नाम पर जहां तहां कार्यवाही करते हुये देखी जा रही है, मगर जो वाहन क्षेत्र की सड़को पर धडल्ले से नियमों को दर किनार करते हुये दौड़ते हुये देखे जा रहे है उनकी अनदेखी पुलिस की कार्य प्रणाली को निश्चित तौर पर संदेह के घेरों में लाने से नही चुक पा रहा है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय नगर के गाडरवारा बारहाबड़ा सहित अन्य मार्गो पर जिस प्रकार से मैजिक गाड़ियों को निमयों की अनदेखी करते हुये दौड़ते हुये देखा जा रहा है वह आमलोगों की जिन्दगी को खतरें में डालने से नही चूक रही है। क्योंकि इन मैजिक गाड़ियों को जब सड़को पर औवर लोड़िंग स्थिति में दौड़ते हुये देखा जाता है तो हाल इस प्रकार से होता है कि जितनी सबारी गाड़ी के अंदर होती है कही उससे अधिक मैजिक गाड़ी पर बैठी हुई दिखाई देने से नही चूकती है। इतना ही नही इन वाहनों द्वारा शायद शासन के नियमों के पालन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन मार्गो पर सबारी लेकर दौड़ने वाले अनेक वाहनों की सच्चाई तो इस प्रकार से होती है कि किसी वाहन की नम्बर प्लेट होती है और किसी वाहन का चैचिस पर लगाते हुये नये वाहन का निर्माण करते हुये सभी माप दंडों को दर किनार करते हुये अपने स्वार्थ का खेल खेलने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है, इस प्रकार से यातायात निमयों को दर किनार करते हुये दौड़ने वाले इन वाहनों को लेकर जिस प्रकार से पुलिस द्वारा अनदेखी की जा रही है वह निश्चित तौर से किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक सकता है? यदि के अनेक मार्ग पर दौड़ने वाले इन वाहनों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह वाहन निमयों को दर किनार करते हुये धडल्ले से चीचली व गाडरवारा पुलिस की आंखों के सामने से गुजरते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर अनेक वाहनों की स्थिति तो इस प्रकार से बनी हुई है कि न तो उनके पास सड़क पर दौड़ाने के लिये टैक्स भरा गया है और न ही वाहन का बीमा कराया गया है, इसके बाद भी पुलिस द्वारा जिस प्रकार से इन वाहन मालिकों को आम लोगों की जिन्दगी के साथ खिलबाड़ करने की जो छूट प्रदान की जा रही है। इस सच्चाई से यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि प्रशासन में बैठे हुये अधिकारी ही किसी दिन कोई बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हो? यदि क्षेत्र की सड़को पर चलने वाले इन वाहनों की सूक्ष्मता के साथ जांच कराई जावे तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी और वाहनों पर जो नम्बर प्लेटे लगी हुई पाई जावेगी वह निश्चित तौर से प्रशासन को हैरत में डालने से नही चूकेगी कि आखिर में वाहन मालिक है कौन।

### वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज के आधार किया जा सकता है मतदान

**गाडरवारा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में आने वाली दिनों में होने जा रहे मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र नहीं होने की दशा में ई-मतदाता परिचय पत्र आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in/k से डाउनलोड किया जाकर मतदान किये जाने की सुविधा प्रदान की गई है। वही बताया जाता है कि यदि किसी मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र नही है तो वह इसके अतिरिक्त 12 प्रकार के वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से भी मतदाता अपने मत का उपयोग कर सकते हैं। इस तरह मतदाताओं की सुविधा के लिये आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाता की पहचान के लिये मतदाता परिचय पत्र के अलावा ई-मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक व पोस्ट ऑफिस की फोटो सहित पासबुक, श्रम मंत्रालय के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र शासन, राज्य शासन, पीएसयूस और पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा जारी फोटोग्राफ सहित सर्विस पहचान कार्ड और एमपी, एमएलए व एमएलसी द्वारा जारी सरकारी पहचान पत्र निर्धारित किये गये हैं।

### इंद्रा कम्लेक्स की छत पर छलक रहे जाम, क्षेत्र के रहवासी हो रहे परेशान

**गाडरवारा।** वर्तमान में युवाओं के लिए शराब पीना, पिलाना फैशन बन गया है, जिसका नतीजा है कि रात में शहर के वीरान ईलाकों में शराब पीने के शौकीन युवा महफिल आबाद कर सामाजिक मार्यादाओं की अनदेखी करते हुए जमकर शराब खोरी कर रहे है? बताया जाता है कि जबसे फलो के प्लेवर वाली शराब की शीशियॉ नगर में मिलने लगी है, युवाओं में शराब पीने का शौक अधिक बढ़ गया है। गौरतलब है कि शहर में मदिरा तो आसानी से मिल जाती है पर नगर में एक भी वीयरवार या अहाता न होने की स्थिति में सुरा प्रेमियो के लिए समस्या यह रहती है कि आखिर कहॉ बैठकर पैमाने टकराये जाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

रविन्द्र कुमार साहू आ. श्री राजेन्द्र साहू निवासी राजीव वार्ड गाडरवारा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र. पिन नं. 487551 द्वारा थाना प्रभारी पुलिस थाना गाडरवारा के नाम शपथ पत्र पेश करते हुये उल्लेख किया गया है कि मैं उपरोक्त पते का स्थानीय निवासी हूँ तथा मेरा आधार न. 506118327859 है। यह है कि मैं रवीन्द्र कुमार साहू (Raveendra kumar Sahu) पूर्व में दर्ज है एवं वर्तमान में मेरा नाम रविन्द्र कुमार साहू (Ravindra kumar sahu) है। यह है कि मैं अपना नाम रवीन्द्र कुमार साहू (Raveendra kumar Sahu) के स्थान पर रविन्द्र कुमार साहू (Ravindra kumar sahu) दर्ज करना चाहता हूँ। यह है कि शपथ कर्ता के नाम से संपूर्ण भारत के किसी भी पुलिस थाने व न्यायालय में कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नही है और ही लंबित है, न ही निराकृत हुआ है तथा न ही मुझे गिरफ्तार किया गया है। यह शपथ पत्र पासपोर्ट कार्यालय में चरित्र सत्यापन एवं नाम सुधार हेतु पेश किया जा रहा है।

शपथकर्ता
रविन्द्र कुमार साहू आ. श्री राजेन्द्र साहू निवासी राजीव वार्ड गाडरवारा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र पिन नं. 487551

## खबर संक्षेप

### इस्तियाक अहमद बने कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष



**कोतमा।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगड़ी के आदेश से मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी निजामुददीन कुरैशी प्रभारी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की सहमति से इस्तियाक अहमद को अनूपपुर का मप्र कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग में जिला अध्यक्ष पद पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम एडवोकेट ने नियुक्त करते हुये आशा व्यक्त की है कि इस्तियाक अहमद पार्टी की रीति-नीति पर चलते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे।

### खनिजों का अवैध उत्खनन करने पर 9 ट्रैक्टर एवं 1 जेसीबी जप्त

**अनूपपुर।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा बुधवार को तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम मेढ़ाखार एवं सरईपतेरा में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान खनिज पत्थर के अवैध उत्खनन में 6 वाहन ट्रैक्टर मय ट्राली तथा तहसील कोतमा के ग्राम खोड़री नम्बर-2 से खनिज मुरुम के अवैध उत्खनन में 03 ट्रैक्टर एवं 01 जे.सी.बी. मशीन को जब्त कर कार्यवाही की गई। प्रकरण में नियमानुसार अवैध उत्खनन का प्रकरण पंजीबद्ध कर निराकरण हेतु न्यायालय कलेक्टर अनूपपुर में प्रेषित किया गया है।

### रेत खदान बंद होने के बाद भी रेत का परिवहन व विक्रय लगातार जारी

**कोतमा।** जिले की रेत खदान बंद होने के बाद भी रेत का परिवहन व विक्रय लगातार जारी है। रोजाना भारी संख्या में रेत से भरी ट्रालियां जिला मुख्यालय सहित तहसील मुख्यालय कोतमा, बिजुरी में विक्रय के लिए आती है। रेत से भरी इन ट्राली वालो के पास ना तो रायल्टी होती है और ना ही किसी तरह की प्रशासनिक अनुमति इसके बावजूद अवैध रेत का काला कारोबार खुले आम किया जा रहा है। अवैध रुप से लाई जा रही रेत का धड़ल्ले से कारोबार होने से प्रशासनिक अधिकारियो की भूमिका पर भी सवालिया निशान लग रहे है कही ना कही प्रशासनिक अधिकारियो की मूक सहमति की बात सामने आ रही है। रेत का अवैध परिवहन अनूपपुर जिला के विभिन्न अंचलों में लगातार जारी है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही नहीं करते हैं। जिले में बड़े पैमाने पर रेत का अवैध रुप से परिवहन किया जा रहा है। रेत का बड़े पैमाने पर परिवहन होने के बाद भी माइनिंग विभाग, पुलिस, राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकरी मूक दर्शक बने हुए है। अधिकारियों की लापरवाही से अवैध रेत का काला कारोबार धड़ल्ले से बगैर रोक टोक के जारी है। अवैध रुप से ट्रालियों में ओवरलोड रेत भर कर लाई जा रही है। रेत माफिया ट्राली में रेत भरकर अवैध परिवहन कर रहे हैं। रेत माफिया अवैध रुप से रेत भरकर खुले आम धडल्ले से विक्रय कर रहे है। अवैध रुप से रेत का परिवहन होने से ना केवल शासन को राजस्व की हानि हो रही है बल्कि रेत माफियाओं के हौंसलें भी बुंलद हो रहे है।

# पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में हुई संभाग स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** आज जबलपुर संभाग आयुक्त की अध्यक्षता में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। उक्त वीडियो कांफ्रेंस में डिंडोरी जिले से कलेक्टर विकास मिश्रा के नेतृत्व में जिला पंचायत सीईओ सुश्री विमलेश सिंह सहित अन्य अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष डिंडोरी में उपस्थित रहे। कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य लोकसभा निर्वाचन और ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना रहा।कॉन्फ्रेंस में निर्वाचन प्रक्रिया और ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल आपूर्ति और पेयजल स्त्रोतों की स्थिति का आकलन करते हुए हैंडपम्प, पेयजल परिवहन के संभावित क्षेत्र, पेयजल आपूर्ति,जल विभाग कण्ट्रोल रूम की जानकारी प्राप्त की और पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए। कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर विकास मिश्रा ने जिले के पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। उक्त कॉन्फ्रेंस के बाद कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने सबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल के लिए आवश्यक योजना बनाकर निर्बाध रूप से आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। पेयजल परिवहन अंतिम विकल्प के रूप में ही उपयोग किया जायगा.पेयजल से संबंधित किसी भी समस्या को त्वरित ठीक करने के लिए निर्देश दिए है। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विकास मिश्रा ने मतदान केंद्रों पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




## गांव के छोरा का नवोदय विद्यालय में चयन



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** विकास खंड मेंहदवानी के ग्राम सुरजपुरा के प्राथमिक शाला में अध्ययनरत छात्र संजय कुमार पिता सुम्मत लाल यादव का जवाहर नवोदय विद्यालय धामनगांव में 2024-25 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले छात्र अपनी लगन और मेहनत से माता पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र संजय यादव के पिता ग्राम पंचायत सुरजपुरा में मेट मजदूर हैं जबकि माता गीता बाई गृहणी तथा खेतीहर मजदूर हैं। छात्र अपनी सफलता का श्रेय माता पिता तथा गुरू जनों को दिया है। छात्र को जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर माता पिता, गुरु जनों सहित सभी शुभचिंतकों, ईष्ट मित्रों के द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गई है।


## यशवंत के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत युवा क्रिकेट क्लब ने रामगढ़ को 12 रनों से हराया

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम झरना घुघरी में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में दूसरे चरण के मैच में युवा क्रिकेट क्लब अमरपुर एवं रामगढ़ टीम के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए युवा क्रिकेट क्लब अमरपुर के बल्लेबाज यशवंत के शानदार 55 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली वहीं महेंद्र के नाबाद 25 रन तथा प्रशांत के नाबाद 20 रनों की बदौलत निर्धारित 8 ओवरों में 2 विकेट खोकर 111 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामगढ़ टीम की शुरुआत काफी खराब रही और उसके 3 विकेट पहले 2 ओवरों में महज 11 रनों पर ही आउट हो गए। फिर उसके बाद महेंद्र ने जोरदार बल्लेबाजी करते हुए 47 रन बनाए लेकिन दूसरे छोर पर पर्याप्त



सहयोग न मिल पाने के कारण पूरी टीम निर्धारित 8 ओवरों में 99 रन ही बना सकी और 12 रनों से मैच हार गई। युवा क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए अक्षय, दस्सो वनवासी और यशवंत ने क्रमशः 2, 2 विकेट अपने नाम करते हुए अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# आबकारी विभाग की कार्यवाही में अवैध शराब के 4 प्रकरण कायम



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को मद्देनजर रखते हुए जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु कलेक्टर के निर्देशन में 03 अप्रैल को आबकारी विभाग द्वारा ग्राम खजरी, पड़रिया, सिधौली व बिजौरी मे दबिश कर कार्यवाही की गई। तलाशी के दौरान अवैध शराब लगभग 13 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त की गई व 2.880 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन व 3.600 बल्क लीटर विदेशी मदिरा जीनियस व्हिस्की जप्त किया गया। जप्त शराब की अनुमानित कीमत 5560६- रुपये है। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) ८ क८ के तहत उक्त चारो प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके के नेतृत्व में कार्यवाही की गई, जिसमें आबकारी उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक छिद्दी लाल झारिया, रामभरोस ठाकुर, करिशमा सलामे व नगर सैनिक तोक सिंह मरावी एवं अशोक सैयाम मौजूद रहे।

# मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान दलों के द्वितीय दिवस प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट डिंडोरी, मेकलसुता कॉलेज डिंडोरी और मदर टेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल डिंडोरी में पहुंचकर गतिविधियों का जायजा लिया। लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए जिले के कर्मचारी और अधिकारियों की नियुक्ति लोक प्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 26 के तहत की गई है।कलेक्टर के निर्देशन में नियुक्त कर्मचारी और अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण पूर्ण हो जाने के बाद द्वितीय चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज दूसरा दिन रहा। मतदान दलों के प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का आयोजन दो पालियों में किया जा रहा है। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से और द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई।कलेक्टर ने प्रशिक्षुओं को



निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदानकर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहने को कहा है।संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी ने भी आज मतदान दलों के द्वितीय दिवस प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया और प्रशिक्षकों को निर्वाचन कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## महर्षि स्कूल के 12 बच्चों का नवोदय व सैनिक स्कूल में हुआ चयन

**अनूपपुर।** जिले में कई वर्षों से संचालित महर्षि एंग्लो जर्मन हायर सेकेण्डरी स्कूल बहुत ही कम समय मे पूरे संभाग में अपनी अलग पहचान बनाई है। इस विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं द्वारा हर वर्ष जिले, विद्यालय सहित अपने माता पिता का नाम रोशन करते रहे हैं। हमेशा की तरह इस वर्ष भी महर्षि एंग्लो जर्मन स्कूल ने जिला, संभाग ही नहीं बल्कि राज्य में अव्वल स्थान बनाया है। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में इस विद्यालय के 10 बच्चो का चयन हुआ है। इसके अलावा सैनिक स्कूल रीवा की चयन परीक्षा में 2 बच्चो का चयन हुआ है। 12 बच्चो ने चयन परीक्षा में बाजी मारकर पूरे राज्य में इस स्कूल का नाम ऊंचा किया है। जवाहर नवोदय विद्यालय में अथर्व कुशवाहा, भावना सिंह, नीरज सिंह धुर्वे, पूनम, प्रतिमा सिंह उइके, रितिका यादव, रिया टांडिया, संस्कार रौतेल, यज्ञ प्रताप सिंह, सुष्मिता सिंह इसके अलावा सैनिक स्कूल रीवा के लिए सौम्या व अनन्या संत का चयन हुआ है। पिछले वर्ष 2023-2024 में इस विद्यालय से 16 बच्चो का चयन हुआ था। आज भी जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय में कुल अध्ययनरत छात्रों में से 20% प्रतिशत महर्षि एंग्लो जर्मन स्कूल के छात्र है।

# 8 अप्रैल को सूर्य ग्रहण लगेगा

**अनूपपुर।** इस साल का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल दिन सोमवार को लगने जा रहा है। यह सूर्य ग्रहण रात 09 बजकर 12 मिनट पर लगेगा और इसका समापन 9 अप्रैल दिन मंगलवार को 02 बजकर 22 एएम पर होगा। यह सूर्य ग्रहण मीन राशि और स्वाति नक्षत्र में होगा यह ग्रहण भारत में दिखाई नही देगा सूर्य ग्रहण के दिन सोमवती अमावस्या भी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य ग्रहण आमवस्या पर और चंद्र ग्रहण पूर्णिमा तिथि पर लगता है साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण इस माह अप्रैल में लगने वाला है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, राहु और केतु के कारण सूर्य ग्रहण लगता है क्योंकि वे सूर्य का ग्रास करने का प्रयास करते हैं वहीं यह एक खगोलीय घटनाक्रम है। सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा जब एक सीध में आ जाते हैं तो उस समय सूर्य ग्रहण लगता है। सूर्य ग्रहण का सूतक काल ग्रहण समय से 12 घंटा पहले ही लग जाता है, जिसमें कोई भी शुभ कार्य नहीं होता है अखिलेश त्रिपाठी ने बताया की सूर्य ग्रहण के समय में गर्भवती महिलाओं को विशेष ध्यान रखना होता है। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से पढ़े व्याकरण आचार्य सहज ज्योतिष आचार्य पंडित अखिलेश त्रिपाठी ने पूरी जानकारी दी।

### पहला सूर्य ग्रहण 2024

इस साल का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल दिन सोमवार को लगने जा रहा है. यह सूर्य ग्रहण रात 09 बजकर 12 मिनट पर लगेगा और इसका समापन 9 अप्रैल दिन मंगलवार को 02 बजकर 22 एएम पर होगा. यह सूर्य ग्रहण मीन राशि और स्वाति नक्षत्र में होगा. सूर्य ग्रहण के दिन सोमवती अमावस्या भी है धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य ग्रहण आमवस्या पर और चंद्र ग्रहण पूर्णिमा तिथि पर लगता है।

### सूर्य ग्रहण का सूतक काल

सूर्य ग्रहण का सूतक काल 12 घंटे पूर्व लगता है। इस आधार पर सूर्य ग्रहण का सूतक काल 8 अप्रैल को सुबह में 09:12 बजे से लगना चाहिए, लेकिन यह सूर्य ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा. इस वजह से सूर्य ग्रहण का सूतक काल मान्य नहीं होगा। यह सूर्य ग्रहण अमेरिका, कनाडा, यूरोप के कुछ पश्चिमी भागों और मेक्सिको में दिखाई देगा. इसके अलावा यह प्रशांत महासागर, अटलांटिक महासागर और आर्कटिक में भी देखा जा सकता है।

### सूर्यग्रहण का वैज्ञानिक महत्व

जब चंद्रमा पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए सूर्य और पृथ्वी के बीच आ जाता है और इस दौरान सूर्य की रोशनी पृथ्वी तक नहीं पहुंच पाती है। इस खगोलीय घटना को ही सूर्य ग्रहण कहते हैं।

# शासकीय महाविद्यालय राजनगर में विशेष शिविर का पांचवां दिन सम्पन्न

**राजनगर।** राजनगर क्षेत्र के अंतर्गत क्षेत्र का शासकीय महाविद्यालय राजनगर में मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बनगवां (शांतिनगर) में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 30 मार्च से 5 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसमें पांचवे दिवस शिविर का शुभारंभ नागरिकों एवं कॉलेज स्टाफ के साथ किया गया। पांचवे दिवस में जहां प्रत्येक दिवस की तरह प्रातः योगाभ्यास से दिन के कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। शिविर्थियों के बौद्धिक सत्र का प्रारंभ डॉ. जे.के संत, प्राचार्य तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन डॉ.जे. के संत ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा तथा वर्तमान में लोकसभा निर्वाचन से संबंधित जानकारी विस्तार से बताया साथ ही अपना मतदान का उपयोग किए जाने हेतु कहा। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश बरकडे. प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कोतमा से आये जिन्होंने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय सेवा योजना क्या है, जिसको अधिक आसान शब्दों के माध्यम से शिविर्थियों को बताया। इससे उपस्थित



सभी शिविर्थियों बहुत लाभान्वित हुए। नागरिकों में अवधराज प्राचार्य शा. पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनगवां, सोमनाथ मिश्रा, विकास सिंह चौधरी, ममता सिंह, एवं पत्रकार अमित सेनगुप्ता, पंकज कुमार शर्मा तथा महाविद्यालय समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्वक सम्पन हुआ।

# हम सब को साथ लेकर चलने में करते हैं विश्वास-फुंदेलाल सिंह

**जमुना/बदरा।** हम सबको साथ लेकर चलने में विश्वास करते हैं आम लोगों के सहयोग से इस चुनाव में आपके बीच हैं जनता भाजपा सरकार से परेशान है और बदलाव चाहती है लेकिन हम सब को इसके लिए जनता जनार्दन के पास जाने की जरूरत है। उक्ताशय के विचार कांग्रेस पार्टी के अधिकृत लोकसभा प्रत्याशी विधायक पुष्पराजगढ़ फुंदेलाल सिंह मार्को ने कोतमा में आयोजित बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। 3 अप्रैल को गोविंद भवन कोतमा में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर कांग्रेस प्रत्याशी का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया सर्वप्रथम विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने माता शारदा देवी के मंदिर में मत्था टेक कर आर्शीवाद प्राप्त किया तत्पश्चात बैठक में शामिल हुये जहां उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, संगठन प्रभारी अजय अवस्थी, पूर्व विधायक कोतमा मनोज अग्रवाल, राजकुमार शुक्ला, अशोक त्रिपाठी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेश जैन, संतोष मिश्रा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डु चौहान, एन एसयूआई जिलाध्यक्ष रफी अहमद, जिला पंचायत सदस्य रामजी मिश्रा रिंकू, महिला कांग्रेस नेत्री संध्या वर्मा सहित कई कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ नेता संतोष मिश्रा ने किया। गोविंद भवन कोतमा में कांग्रेस के बैठक में अपने विचार रखते हुए कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल सिंह मार्को ने कहा कि यह चुनाव संविधान व देश बचाने का चुनाव है संवैधानिक व्यवस्था तार तार की जा रही है तानाशाही की सरकार चल रही है विपक्षी दलों पर दबाव बनाया जा रहा है विधायक सांसद खरीदे जा रहे हैं। श्री मार्को ने कहा इस समय




कुछ लोग अपने व्यवसाय को बचाने के लिए भाजपा के शरण में जा रहे हैं जिस पार्टी ने उनको मान सम्मान दिया वे बुरे वक्त में पार्टी छोड़ कर जा रहे हैं इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ने

## गोविंद भवन कोतमा में कांग्रेस की बैठक सम्पन्न

वाला है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा के एक मंत्री ने कहा है कि कचरे तीन तरह के होते हैं सूखा कचरा, गीला कचरा व लसलसा कचरा इसके मायने निकाले जाने की जरूरत है। आने वाले 19 अप्रैल को मतदान होना है इसलिए सभी साथी अपने अपने पोलिंग बूथ स्तर पर जाकर आम लोगों से चर्चा करें और कांग्रेस की नीतियों के बारे में बताकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे तो हम इस चुनाव को अच्छे मतों से जीतेंगे। कार्यक्रम में प्रभारी अजय अवस्थी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जनता बदलाव चाहती है हम सब को स्थानीय मुद्दे पर ध्यान देने की जरूरत है और लोगों को बताया जाना चाहिए कि विगत कई वर्षों से भाजपा की यहां से सांसद हैं और उन्होंने क्या काम किया है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ऊर्जावान नेता को टिकट दिया है वे सभी को साथ लेकर चलने वाले नेता हैं और आम जनता के लिए हर समय उपलब्ध रहते हैं उनके चुनाव जीतने के बाद पूरे क्षेत्र का विकास होगा हमारे कांग्रेस के सभी साथी क्षेत्र में जा कर आम लोगों से चर्चा करें लोग भाजपा सरकार से परेशान हैं और बदलाव चाहते हैं। यह चुनाव हम अच्छे मतों से जीतेंगे पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ नेता अशोक त्रिपाठी, राजकुमार शुक्ला, राजेश जैन, शिवनारायण पांडेय, गुड्डु चौहान, रफी अहमद, मंडलम अध्यक्ष एडवोकेट अमरेंद्र सिंह परिहार, मंडलम अध्यक्ष देवगवां शिवनारायण पांडेय, सुश्री संध्या वर्मा, शिवम सराफ सहित कई नेताओं ने अपने अपने विचार रखते हुए कांग्रेस को विजयी बनाने की अपील की। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता राकेश जैन, सफीर मंसूरी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट इस्तियाक अहमद, वरिष्ठ नेता गोविंद पांडेय, आशु ताम्रकार, रविन्द्र सुखाड़यि, रियाज अंसारी, संदीप सिंह, शिवकुमार शर्मा सहित भारी संख्या में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कोतमा में बैठक के बाद कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल सिंह मार्को राजनगर व बिजुरी के लिए रवाना हो गए जहां पर भी कांग्रेस कार्यकतार्ओं की बैठक लेकर इस चुनाव में जीत हासिल करने के लिए बूथ स्तर पर काम करने की अपील की।


# दो बहनों पर शादी का दबाव बना रहा मुस्लिम युवक

## दोनों से करूंगा शादी, हमारे धर्म में है जायज

### वीडियो वायरल करने की देता है धमकी, पुलिस ने किया मामला दर्ज

विगत दिवस नगर निवासी दो बहनों ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया। नगर निवासी एक मुस्लिम युवक द्वारा शहर की रहने वाली और इंदौर में पढ़ने वाली दो सगी हिंदु बहनों को शादी करने के लिए दबाव बना रहा था।

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर ।







लगातार मुस्लिम युवक से प्रताड़ित बहनों के सब्र का पैमाना जब छलका तो वे सीधे इंदौर शहर के भंवरकुंआ थाना पुलिस के पास पहुंची और युवक के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज कराई है। दोनों बहनों ने पुलिस को बताया, कि उनके ही नरसिंहपुर स्थित शांति नगर ग्राम नकटुआ निवासी फरहान पिता इरफान खान लगातार दोनों को शादी के लिए परेशान कर रहा है। हाल ही में सड़क पर उनका विवाद हो गया था।

### वीडियो वायरल करने की देता है धमकी

विवाद के दौरान इरफान ने कहा कि तेरी छोटी बहन से तो शादी करूंगा और तुझे भी पत्नी बनाकर रख लूंगा। हमारे धर्म में यह सब जायज है। पीड़ित बहनो ने अपनी शिकायत में बताया, कि शादी करने के लिए मुस्लिम युवक द्वारा लगातार हिंदू लड़कियों पर दबाव बनाया जा रहा था, युवक का कहना था, कि मेरे पास तेरी छोटी बहन के अश्लील फोटो हैं। इन्हें वायरल कर दूंगा तो तेरी बहन कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगी। ऐसे में परेशान होकर छात्राओं ने पुलिस को अपनी आप बीती बताते हुये मामला दर्ज कराया गया ।

### दोनो से शादी करने की कही बात


भंवरकुंआ थाना पुलिस ने बताया कि 24 साल की युवती ने मामला दर्ज कराया है। दोनों बहनें इंदौर में पढ़ाई करती हैं। छोटी बहन के साथ नरसिंहपुर का ही इरफान भी पढ़ता था। वह बहन को परेशान कर रहा है। बड़ी बहन ने जब उससे दूर रहने के लिए कहा। तो सड़क पर विवाद करने लगा, उसी दौरान उसने यह बात कही। उसने कहा कि तेरी छोटी बहन से तो शादी करूंगा और तुझे भी पत्नी बनाकर रख लूंगा। हमारे धर्म में यह सब जायज है। मेरे पास तेरी छोटी बहन के अश्लील फोटो हैं। इन्हें वायरल कर दूंगा तो तेरी बहन कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगी।

### हिंदू संगठनों की मदद से पहुंची थाने

बताते है, कि इरफान लगातार युवतियों को परेशान कर उन पर शादी करने का दबाव बना रहा था, वही जब उन्होने उसे डांटा फटकारा तो उसका गुस्सा सातवें आसमान पर आ गया और वह रोजाना ही इन लड़कियों को परेशान करने लगा था, सड़क चलते वह लड़कियों को अश्लील टिप्पणियां कर उन्हे वीडियों वायरल करने की धमकियां देने लगा था। युवक द्वारा लगातार परेशान होने के बाद दोनो बहनों हिंदू संगठन की मदद से पुलिस थाना पहुंचकर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस इरफान की तलाश कर रही है।

## खबर संक्षेप

### भागीरथ जीसीसीआई मध्य प्रदेश के प्रेस संयोजक नियुक्त



नरसिंहपुर । जीसीसीआई के राष्ट्रीय महासचिव पुरीष कुमार ,प्रदेश अध्यक्ष दिलीप धनराज गुप्ता के द्वारा जारी पत्रानुसार 33 संगठनात्मक नियुक्तियां की है इन 33 नियुक्तियों में पूर्व केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय कामधेनु आयोग के पूर्व अध्यक्ष और जीसीसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वल्लभ भाई कथिरिया और निदेशक मंडल द्वारा सवार्नुमति से पिछले 25 वर्षो से मूक पशुओं की सुरक्षा करते हुए गौ सेवा करने वाले और इनके द्वारा किए जाने वाले निस्वार्थ के कार्यों को देखते हुए भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड से नियुक्त मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि ,मध्यप्रदेश शासन से तहसील स्तरीय पत्रकार, जर्नलिस्ट एशोसियन ऑफ मध्यप्रदेश नरसिंहपुर के जिला अध्यक्ष ,प्रेस परिषद करेली के उपाध्यक्ष भागीरथ तिवारी को गाय आधारित उद्योगों का वैश्विक परिसंघ (ऋजीसीसीआई) का मध्य प्रदेश प्रेस संयोजक प्रेस और मीडिया पद पर नियुक्त किया गया है। जीसीसीआई देशभर में गौ आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने और गौ संवर्धन से युवाओं को जोड़ने के लिए कार्य करता है। श्री तिवारी की नियुक्ति पर उनके शुभचिंतको तथा पत्रकारों द्वारा बधाइयां प्रेषित की है ।

### दो चैक पोस्टों से 5 लाख से अधिक की राशि जब्त



नरसिंहपुर । लोकसभा निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रुप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में जिले में एसएसटी टीम द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 118-गोटेगांव के अंतर्गत झांसीघाट में बनाये गये एसएसटी चैक पोस्ट पर वाहनों की चैकिंग के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 20 टीए 2079 में हरदीप सिंह ग्रोवर से 2 लाख 12 हजार 900 रुपये नगद राशि जब्त की वही मुंगवानी डिपो चैक पोस्ट पर वाहन क्रमांक एम पी 49 सी 5299 से 328920 की राशि जब्त की गई । दोनो वाहन मालिकों के पास कोई वैध दस्तावेज प्राप्त नहीं मिलने पर जप्ती की कार्रवाई की गई।

### तीन लोगों ने किया जहरीली वस्तु का सेवन

नरसिंहपुर । गत दिवस तीन अलग - अलग मामलों मे तीन व्यक्तियों द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिनमे दो का उपचार जिला चिकित्सालय मे जारी है वही एक को प्राथमिक उपचार के बाद जबलुपर रेफर कर दिया गया है । अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार अलग - अलग थाना क्षेत्रों जहरीली वस्तु सेवन करने के तीन प्रकरण आये है जिसमे कृ ष्णा पिता हरिओम मेहरा उम्र 32 वर्ष निवासी खमरिया थाना करेली वही दूसरे मामले मे गया प्रसाद पिता दौरात मेहरा उम्र 18 वर्ष निवासी रोंसरा थाना स्टेशनगंज तथा तथा तीसरे मामले मे राजेन्द्र पिता हेमराज लोधी उम्र 25 वर्ष निवासी झिरी खुर्द थाना ठेमी द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन किया गया है । सभी ने अपने घर पर ही जहरीली वस्तु का सेवन किया गया है । परिजनों द्वारा उन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया है वही कृष्णा की हालात गंभीर होने कारण जबलुपर रेफर किया गया है शेष दो का उपचार जिला चिकित्सालय मे जारी है ।

### नही रहे शिक्षक धीरज पटेरिया



नरसिंहपुर । गत दिवस नगर के नेहरू वार्ड पटेरिया मोहल्ला निवासी व शा. उ. मा. विद्यालय भैंसापाला में पदस्थ शिक्षक धीरज पटेरिया का अस्वस्थ्यता के चलते निधन हो गया । वे न्यायालय से सेवानिवृत ओपी पटेरिया के सुपुत्र एवं जिला न्यायालय नरसिंहपुर में पदस्थ साकेत पटेरिया के बड़े भाई थे ।

# शासकीय पट्टे की जमीन का नियम विरूद्ध किया क्रय विक्रय

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।



विगत दिवस पीड़ति द्वारा पुलिस अधीक्षक को आवदेन देकर भूमि वापिस दिलाने की मांग की गई । आवेदन मे बताया गया है कि उक्त जमींन स्वर्गीय जौहरी प्रसाद मेहरा आत्मज मनी मेहरा को शासन द्वारा सन 1983-84 से ग्राम सेमरा जिला नरसिंहपुर में 2 हेक्टेयर भूमि प्रदान की गई थी। जो कि उक्त भूमि पट्टा भूमि अंतरण योग्य नहीं थी। उक्त जमींन स्व. जौहरी प्रसाद के नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुआ थी। इसी बीच स्व. जौहरी प्रसाद सन 1995 में पैर में लकवा लग गया और वे खेती नहीं कर पा रहे थे, तब सुरेश सोनी को जमीन सिकमी दी थी, परन्तु सुरेश सोनी ने अवैधानिक रूप से पट्टा भूमि को नियमों का उल्लंघन करते हुए चोरी से लिखवा लिया एवं स्वयं का नाम दर्ज करवाकर, वाद में अवैध रूप से बैनामा धनीराम कुर्मी को रकवा 1 हजार हेक्टैयर और निरंजन कुर्मी को विक्रय कर दी थी। इसी बीच में जोहरी प्रसाद की मृत्यु हो गई, तब उसकी विधवा महिला को जमींन संबंधी कोई जानकारी नहीं थी व बच्चे छोटे-छोटे थे, लेकिन बाद में पटवारी से जब पट्टा जमीन की जानकारी ली, तो पता लगा कि पट्टा भूमि के नियमविररूद्ध तरीके से सब रजिस्ट्रार ने रजिस्ट्री कर दी है जो अवैध व शून्य होने से निरस्त करने योग्य है। पीड़ति पक्ष ने पुलिस के समक्ष याचना करते हुए अपनी जमींन वापिस दिलाने की गुहार लगाई है। वही पुलिस ने भी मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन फरियादी को दिया है। उक्त भूमि को नियम विरूद्ध नामांतरण भी कराया गया । प्रशासन को चाहिये जांच कर उचित कार्रवाई की जावे ।

# मुख्यमंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री की उपस्थिति में चौ. दर्शन सिंह ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।



गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी लोकसभा प्रत्याशी चौधरी दर्शन सिंह का नामांकन फार्म जमा करवाने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी नर्मदापुरम पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रत्याशी के साथ नर्मदा मैया का पूजन कर संकल्प सभा में शामिल हुए। सभा में उपस्थित कार्यकतार्ओं एवं जनता जनार्दन को संवोधित करते हुए। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'एक ही संकल्प है कि बहनों की आंखों में आंसू नहीं रहेंगे। उनके चेहरे पर मुस्कुराहट होगी। आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक सशक्तिकरण, शैक्षिक और राजनीतिक सशक्तिकरण करना है। चौधरी की नामांकन रैली और सभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब एक ही संकल्प अब की बार 400 पार जिसके लिए हमें प्राण पण से जुटना है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए भाजपा प्रत्याशी चौधरी दर्शन सिंह ने कहा कि मैं तो एक साधारण कार्यकर्ता हूं मैं शीर्ष नेतृत्व के प्रति कृताज्ञापित करता हूं जिन्होंने मुझ जैसे सामान्य से कार्यकर्ता को लोकसभा प्रत्याशी के रूप में खड़ा किया है। इस अवसर पर स्वागत भाषण सीता शरण शर्मा एवं आभार जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल ने किया। संकल्प सभा में 900 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिसमें कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों सहित किसानों के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे एकम सिंह पटेल के साथ 700 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र पटेल राज्यसभा सांसद माया नारोलिया राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ पटेल पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह होशंगाबाद विधायक सीता शरण शर्मा सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा नर्मदा पुरम भाजपा जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल वह नरसिंहपुर भाजपा जिला अध्यक्ष इंजीनियर अभिलाष मिश्रा सहित संपूर्ण संसदीय क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि गण सहित समस्त भाजपा के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# विद्यार्थियों ने पत्र लिखकर दिया परिजनों और रिश्तेदारों को मतदान करने का संदेश



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

लोकसभा निर्वाचन- 2024 के तहत जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों ने अपने परिजनों और रिश्तेदारों को पत्र लिखकर मतदान करने का संदेश दिया है। इसके अलावा विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जिले में दो चरणों में मतदान होना है, जिसमें संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मण्डला के अंतर्गत आने वाली जिले की एक विधानसभा क्षेत्र 118- गोटेगांव में 19 अप्रैल को और नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र 119- नरसिंहपुर, 120- तेंदूखेड़ा व 121- गाडरवारा में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत व नोडल अधिकारी स्वीप दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में हाई स्कूल तलापार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुराछ, शासकीय हाई स्कूल देवनगर पुराना- गोटेगांव के विद्यार्थियों ने पत्र लिखकर अपने परिजनों को मतदान करने का आग्रह किया। इसके अलावा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुराछ के विद्यार्थियों ने 85 वर्ष के ऊपर के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार उन्हें घर से ही मतदान करने की सुविधा प्रदान करने का उल्लेख अपने पत्रों में किया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुराछ में के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला एवं रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने का आग्रह किया। शासकीय हाई स्कूल पनागर की छात्राओं ने मेहंदी लगाकर मतदाताओं को मतदान करने प्रेरित किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। शासकीय हाई स्कूल नगुवां में निबंध एवं स्लोग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल गौरतला में स्लोग लेखन और छात्राओं ने अपने अभिभावकों और परिजनों को पत्र लिखकर मतदान करने का आग्रह किया। डाइट नरसिंहपुर में विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा में मेहंदी, रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा मतदाता जागरूकता एवं नैतिक मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।



# कम्युनिकेशन दल का प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत निर्वाचन संबंधी सूचनाओं के सम्प्रेषण, रिटर्निंग अधिकारी स्तर पर गठित कम्युनिकेशन कक्ष से संपर्क एवं निर्वाचन अधिकारी स्तर से निर्वाचन आयोग तक विभिन्न सूचनाओं के सम्प्रेषण हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर पर कम्युनिकेशन कक्ष के कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण डाइट में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में कम्युनिकेशन कक्ष प्रभारी डॉ. आरपी चतुर्वेदी द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया। प्रशिक्षण में निर्वाचन आयोग से प्राप्त सूचनाओं को जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराना, रिटर्निंग अधिकारी स्तर तक सूचनाओं का प्रेषण, रिटर्निंग अधिकारी स्तर पर सूचनाओं का सम्प्रेषण एवं प्राप्त सूचनाओं का दल प्रभारी के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी तक प्रेषण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर विधानसभा वार तकनीकी कार्य सहित कम्युनिकेशन दल में लगे कर्मचारी मौजूद थे। प्रशिक्षण के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से बिंदुवार प्रस्तुतीकरण किया गया।

## युवक ने दुकान में लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । गुरूवार को थाना क्षेत्र ठेमी अंतर्गत ग्राम बेलखेड़ी मे युवक द्वारा अपनी ही दुकान पर फांसी लगाई । प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलखेड़ी शेड निवासी युवक द्वारा दीपक गोस्वामी उम्र 35 वर्ष निवासी बेलखेड़ी द्वारा दुकान पर फांसी लगाई गई है आत्महत्या के कारण अभी स्पष्ट नही हुये तथा कसी प्रकार का कोई प्रेस नोट भी नही मिला है । सूचना प्राप्त होते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतार कर मर्ग पंचानाम तैयार कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परजिनों को सौंप दिया । मृतक के परिवारजनों ने बताया, कि दीपक सुबह उठकर तैयार होकर दुकान के लिए निकल पड़ा था। जिसके बाद उन्हे उसके आत्महत्या करने की सूचना मिली, परिवारवालों का कहना है, कि दीपक ने आत्महत्या किस कारण से की है इसकी जानकारी उन्हे भी नहीं है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# अवैध व्यापार करने वालों से वसूला पांच गुना शुल्क

तेंदूखेड़ा

इन दिनों कृषि उपज मंडी को हर हाल में सुचारू रखने तथा कृषक अधिक से अधिक उपज तेंदूखेड़ा मंडी में लेकर आयें को लेकर भारसाधक अधिकारी संघमित्रा गौतम के स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।जिसे लेकर नवागत मंडी सचिव देवेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा भी उड़न दस्ता टीम गठित कर हरसंभव कार्यवाही की जा रही है।इसी सिलसिले में विगत दिनों अवैध रूप से परिवहन करने वाले वाहन ट्रैक्टर पर सलीम खान खरगोन द्वारा अवैध परिवहन गेहूं 20 क्विंटल ले जा रहा था जिसे उड़नदस्ता दल द्वारा 5 गुना मंडी 2200 रूपये प्रसमन शुल्क 500 रूपये निराश्रित शुल्क 88 रूपये कुल राशि 2788 रूपये दांडिक वसूल किया गया । वहीं गुरुवार को अवैध रूप से परिवहन वाहन क्रमांक एमपी 15 जी 4058 पर पर लोड गेहूं 10 क्विंटल एवं चना 05 क्विंटल पर मंडी 2375 रूपये निराश्रित शुल्क 95 रूपये प्रसमन शुल्क 500 रूपये कुल राशि 2970 रूपये दांडिक वसूल किया गया। उक्त कार्यवाही में उड़न दस्ता दल प्रभारी विनोद कुमार अग्रवाल महेंद्र कुमार स्वामी राम कुमार उईके की सराहनीय भूमिका रही । उड़न दस्ता दल प्रभारी विनोद कुमार अग्रवाल ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि दांडिक कार्यवाही अवैध रूप से परिवहन एवं सीधी खरीदी एवं प्रतिष्ठानो पर निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी । किसी भी प्रकार की अवैधानिक खरीदी पर या परिवहन किये जाने पर दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कुछ कच्चे का व्यापार करने वालों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। उड़न दस्ता दल लगातार निरीक्षण में जुटा हुआ है। किसी भी व्यक्ति को यदि इस तरह की कोई जानकारी या अवैधानिक रूप से परिवहन करने वालों की कोई सूचना मिलती है तो तत्काल मंडी प्रबंधन को सूचित करें उन पर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के सभी वर्गों के व्यापारी वर्ग ने भी कयास लगाए है कि मंडी अब पूरे सीजन भर सुचारू रूप से चलती रहे और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं का कांटा बाहन ले जाकर मनमाने दामों पर खरीदी कर बाहर की मंडियों में ले जाकर अनाज बेचने वालों पर निष्पक्ष भाव से कार्यवाही की जाये।

### मतदान के लिये 12 फोटोयुक्त दस्तावेज होगें मान्य

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में आगामी 19 अप्रैल 2024 को मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र नहीं होने की दशा में ई-मतदाता परिचय पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जाकर मतदान किये जाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त 12 प्रकार के वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से भी मतदाता अपने मत का उपयोग कर सकते हैं। जिले में मतदाता की सुविधा और आदर्श मतदान के लिये विधानसभा वार पीडब्ल्यूडी मतदान केन्द्र, यूथ मतदान केन्द्र व पिंक मतदान केन्द्र बनाये गये हैं जिसमें सभी वर्गों को समाहित करने का प्रयास किया गया है।

# गन्ने के खेत में लगी आग



तेंदखेड़ा

इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में आग की घटनाएं दिनों दिन अपने पैर पसारती चली जा रही है।समीपी ग्राम काचरकोना में केवल सिंह पटेल के गन्ने के खेत में पास के ही ट्रांसफार्मर की चिनगारी से आग लग जाने से लगभग दो एकड़ की फसल नष्ट हो जाने की जानकारी मिली है।आग ने गति पकड़नी शुरू ही की थी कि खेत के बाजू से मुकेश कुशवाहा का कच्चा मकान भी जल गया स्थानीय लोगों की सहायता और संसाधनों के साथ फायर ब्रिगेड ने पहुंच कर आग पर काबू पाया नहीं तो आग और भी भड़क सकती थी।इसी तरह समीपी ग्राम आलनपुर में भी एक गेंहू के खेत में आग लगने तथा जंगल में भी बुधवार को आग लग गई थी जिसे फायर ब्रिगेड की सहायता से काबू पाया गया।